# कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय,

# भिलाई नगर (छ.ग.)

## छात्र संघ कार्यक्रम का प्रतिवेदन
## (2016–2017)

डॉ. (श्रीमती) सुमनलता सक्सेना
छात्र संघ प्रभारी

## छात्र–संघ सदस्य (2016–2017)

प्राचार्य / छात्र संघ संरक्षक –
प्रो. एल.आर. वर्मा




छात्र संघ प्रभारी –
डॉ. (श्रीमती) सुमनलता सक्सेना



अध्यक्ष – अविनाश दुबे





उपाध्यक्ष – रियावती



सचिव – मयंक गुप्ता



सह–सचिव – राकेश यादव

# छात्र संघ चुनाव

## 09/08/2016

छात्र संघ चुनाव 2016–17 की पहली बैठक दिनांक 09.08.2016 को प्राचार्य कक्ष मे हुई, जिसमें सभी विभागाध्यक्ष व वरिष्ट प्राध्यापक सम्मिलित हुये। चुनाव संबंधित सभी बिंदुओं पर चर्चा उपरान्त व्यवस्था हेतु निर्णय लिये गये और चुनाव सम्बन्धी निम्न समितियों का गठन किया गया।

**मतदान पूर्व समिति**

★ समस्या निवारण समिति

★ मतदान सूची प्रकाशन समिति

★ दावा आपती निराकरण समिति

★ अनुशासन समिति

★ नामांकन पत्र वितरण समिति

★ नामांकन पत्रों की जांच समिति

★ नामांकन पत्र दावा आपति समिति

**मतदान कार्य समितियां**

★ महिला आरक्षण समिति

★ मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण समिति

**मतदान पश्चात समितियां**

★ मतगणना समिति

★ मतदान व मतगणना पर्यवेक्षक समिति

★ परिणाम घोषणा एवं प्रमाण पत्र वितरण समिति–

**समस्या निवारण समिति**

संस्थागत स्तर पर समस्या निवारण समिति सर्वोच्च अधिकार प्राप्त समिति है। यह समिति विभिन्न समितियों के समस्याओं एवं अनिर्णित विषयों पर विचार विमर्श पश्चात अपना निर्णय देता है, जो सभी को मान्य होता है

**मतदाता सूची प्रकाशन समिति**

चुनाव कार्य सम्पन्न कराने में मतदाता सूची का अनन्तिम व अन्तिम प्रकाशन बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य होता है। विभिन्न विभाग अध्यक्षों व प्राध्यापकों एवं कार्यालयीन सहयोग से अंतिम सूची का प्रकाशन कार्य किया गया, जो त्रुटि विहीन रहा।

**दावा आपति निराकरण समिति**

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या लगभग 3200 है। इतनी बड़ी संख्या के विद्यार्थियों के छात्र संघ चुनाव के नियमों व शर्तों के अनुसार मतदान अधिकार, चुनाव हेतु प्रत्याशी अधिकार इत्यादि के छानबीन में मानवीय त्रुटि स्वाभाविक है। त्रुटि विहीन चुनाव करने हेतु दावा आपति समिति ने विद्यार्थियों के दावा आपति के पश्चात् अंतिम सूची का प्रकाशन किया।

**अनुशासन समिति**

चुनाव कार्य सम्पन्न कराने में, सूची प्रकाशन, दावा आपति, विभिन्न प्राध्यापकों के कार्य वितरण, संपूर्ण महाविद्यालय परिसर में चुनाव के वातावरण होने से विभिन्न प्रकार के अनुशासनात्मक समस्याओं का होना स्वाभाविक है। इन समस्याओं के समाधान हेतु अनुशासन समिति ने अपना उत्तरदायित्व उत्कृष्टता के साथ निर्वाहन किया।

**नामांकन पत्र वितरण समिति**

इस समिति ने विभिन्न पदों के प्रत्याशियों हेतु नामांकन पत्रों का वितरण सहज व सरल रूप मे सर्व सुलभ तरीके से संपन्न किया

**नामांकन पत्रों की प्राप्ति समिति**

नामांकन पत्रों की प्राप्ति समिति ने विद्यार्थियों को सहयोग व सुझाव देते हुए आवश्यक प्रपत्रों सहित नामांकन पत्रों को प्राप्त किया। इनके सहयोग से किसी भी प्रकार का नामांकन पत्र निरस्त नहीं हुआ, जो नामांकन पत्र प्राप्ति समिति की सजगता को दर्शाता है।

**नामांकन पत्रों की जांच समिति**

इस समिति ने विभिन्न पहलुओं से नियमों के अंतर्गत प्राप्त नामांकन की जांच पूरा कर अपने उत्तरदायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

**नामांकन पत्र–दावा आपति समिति**

यह समिति जॉच समिति द्वारा प्रकाशित प्रत्याशियों के आपतियों पर पुनः विचार कर उचित आपत्तियों का निराकरण किया गया। इस प्रकार इस समिति ने चुनाव कार्य में महति सहयोग प्रदान किया।

**महिला आरक्षण समिति**

पूर्व घोषणा अनुसार महाविद्यालय प्रांगण में समस्त कक्षाओं के विद्यार्थियों को उद्घोषणा के द्वारा आमंत्रित किया गया एवं प्रजातांत्रिक अवसर प्रदान करते हुए लॉटरी पद्धति से विभिन्न कक्षा प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी पदाधिकारी के पद महिला आरक्षण हेतु निर्विवाद घोषित किये गये।

**मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण समिति**

मतदान सम्पन्न कराने मे विभिन्न सामग्रियों की आवश्यकता पड़ती है। विभिन्न मतदान दलों को सम्पूर्ण आवश्यक प्रपत्र एवं सामग्री वितरण करना महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व है। साथ ही मतदान पश्चात शेष सामग्रियों की प्राप्ति का उत्तरदायित्व इस समिति ने समुचित रुप से निर्वाहित किया, जिससे मतदान सहज संपन्न हुआ।

**मतदान**

दिनांक 26/08/2016 को निर्धारित समयानुसार समस्त मतदान दलों का आगमन, मतदान समिति सहित मतदान कक्ष मे प्रस्थान, निर्वहन मतदान संपन्न कराना एवं मतदान पश्चात् मतदान सामग्री मतगणना स्थल पर समुचित रुप मे जमा करने का कार्य हुआ।

**मतदान व मतगणना पर्यवेक्षक समिति**

मतदान के समय समस्त मतदान केन्द्रों पर समय–समय पर मतदान पर्यवेक्षक अपनी सहयोगात्मक उपस्थिति देते रहे। साथ ही मतगणना केन्द्रों पर मतगणना प्रारंभ होने से लेकर मतदान परिणाम घोषणा तक अपनी सहभागी उपस्थिति देकर निर्वाचन कार्य को अंतिम रुप प्रदान किया। इस प्रकार संपूर्ण मतदान प्रक्रिया निर्वहन, निर्विवाद संपन्न हुयी।

**मतगणना समिति**

मतगणना समिति के समस्त सदस्यों ने बड़ी सजगता व सौम्यता के साथ मतगणना के मर्यादा को बनाये रखते हुये मतगणना कार्य को संपन्न किया। छात्र प्रतिनिधियों की उपस्थिति मे भी किसी प्रकार का प्रश्न चिन्ह का न होना एवं मतगणना को सर्वमान्य स्वीकार करना मतगणना समिति की कार्यकुशलता को दर्शाता है।

**परिणाम घोषणा एवं प्रमाण पत्र वितरण समिति**

परिणाम की घोषणा एवं प्रमाण पत्र वितरण समिति ने संस्था प्रमुख की उपस्थिति मे अपना उत्तरदायित्व निर्वहन किया एवं विद्यार्थियों को छात्रसंघ पदाधिकारियों के नाम निर्वाचित होने की घोषणा करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किये एवं छात्र संघ प्रभारी द्वारा संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया निर्वहन एवं निर्विवाद संपन्न होने पर सम्पूर्ण महाविद्यालय परिसर के सहयोगात्मक व्यवहार हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शपथ ग्रहण समारोह

**16/09/2016**


त्रसंघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ


प्रजातंत्र में चुनाव और मतदान बेहद जरूरी, विद्यार्थी इसमें हिस्सा जरूर लें

छात्र संघ गठन के पश्चात शपथ ग्रहण समारोह एक आवश्यक प्रक्रियागत आयोजन है। महाविद्यालयीन समस्त विद्यार्थियों को एवं निर्वाचित पदाधिकारियों को इस समारोह के गरिमामय आयोजन की आकांक्षा रहती है। इस समारोह का आयोजन दिनांक 16.09.2016 को संपन्न किया गया, जिसमें प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री माननीय श्री प्रेम प्रकाश पांडे जी, नगर के प्रथम नागरिक महापौर श्री देवेंद्र यादव जी, श्री वशिष्ठ नारायण मिश्रा जी, श्री लक्ष्मीपति राजू जी, श्री संजू नारायण सिंह ठाकुर जी, श्री सुबोध हरितवाल जी, श्री कुमार नायक जी एवं श्री अरुण सिंह जी साक्षी रहे। माननीय श्री प्रेम प्रकाश पांडे जी, उच्च शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों में प्रगति एवं नेतृत्व क्षमता को स्थापित करने में छात्रसंघ की भूमिका को महत्वपूर्ण माना।

# भूमि पूजन





कल्याण पी.जी.कॉलेज में फीस काउण्टर के सामने रोड का भूमिपूजन छात्र संघ के तत्वाव्धान में किया गया जो कि विद्यार्थियों के लिये उपयोगी है।

# छात्र समस्याओं के निराकरण के लिये छात्र संघ की सक्रियता







छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिये छात्र संघ की स्थापना की जाती है। छात्र संघ निर्माण का उद्देश्य यह है कि एक ऐसा समूह बनाया जाये जो छात्रों एवं संस्था दोनों का प्रतिनिधित्व करे और स्थानीय तथा राष्ट्रीय मुद्दों को हल करे। छात्र संघ छात्रों को बहुत सी सेवायें देता है। छात्र संघ विद्यार्थियों के लिये विभिन्न क्रियाओं का आयोजन करता है तथा छात्रों की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनकर उनका समाधान करने की कोशिश करते हैं। छात्र संघ विचारों के आदन–प्रदान के लिये विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करते हैं।

# एक्टिविटी सोसाइटी का गठन
**10/09/2016**

सत्र 2016–17 के लिए छात्र संघ गठन के लिए ऑर्डिनेन्स 01 के अनुसार छात्रसंघ के मुख्य दो अंग है – प्रथम **Student Council** तथा द्वितीय **activity societies**. **Ordinance** के प्रावधान के अनुसार **activity societies** का गठन मनोनयन प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाता है। सर्वप्रथम मनोनयन समिति के रूप में प्राचार्य, उप प्राचार्य, विज्ञान संकाय प्रमुख, छात्र संघ प्रभारी, छात्रसंघ पदाधिकारी (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व सह सचिव) ने बैठक में दिनांक 10.09.2016 को उपस्थित होकर सर्व सम्मति से निम्नलिखित ग्यारह **activity societies** के सदस्यों के नामों की अनुशंसा की। इस प्रकार से **activity societies** शासी निकाय के अध्यक्ष को अनुमोदन हेतु प्रेषित की गई।

# अधिकतम उपस्थिति हेतु प्रोत्साहन कार्यक्रम

छात्रसंघ पदाधिकारियों द्वारा अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु प्रस्ताव रखा गया जिसमें छात्र संघ प्रभारी, प्राचार्य एवं विभिन्न विभागाध्यक्षों ने समय–समय पर सामूहिक रूप से एवं व्यक्तिगत रूप से कक्षाओं में या संकाय के विद्यार्थियों को समागार में उपस्थित कराकर अधिकतम उपस्थिति हेतु प्रेरक उद्बोधन के साथ–साथ प्रोत्साहन दिया। परिणामस्वरुप विद्यार्थियों में अधिकतम उपस्थित हेतु जागरुकता डाली गयी एवं कक्षाओं में उपस्थिति में वृद्धि दर्ज की गई।

# युवा उत्सव
**17/09/2016 to 18/09/2016**

छात्र संघ प्रभारी डॉ.सुमनलता सक्सेना के मार्गदर्शन व निर्देशन में महाविद्यालय में युवा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत छात्र–छात्राओं को विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में अपने योग्यताओं व कुशलताओं का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। प्रभारी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन व अवलोकन में रंगोली प्रतियोगिता, शास्त्रीय गायन (एकल), शास्त्रीय वादन (एकल) प्रतियोगिता, सुगम गायन (एकल) प्रतियोगिता, वाद–विवाद प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता, कार्टून बनाने की प्रतियोगिता, स्पॉट पेन्टिंग प्रतियोगिता, एकांकी प्रतियोगिता, समूह गायन प्रतियोगिता, शास्त्रीय एकल नृत्य प्रतियोगिता, लोक/आदिवासी(समूह) नृत्य प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। प्रतिस्पर्धाओं में चयनित या अच्छे कुशलता के प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं के नाम विश्वविद्यालय युवा महोत्सव आयोजन में सहभागिता हेतु अग्रेषित किये गये।

# विज्ञान परिषद् का उद्घाटन
## 07/10/2016





विज्ञान परिषद् का उद्घाटन दिनांक 07/10/2016 को प्रात: 10:00 बजे, शुक्रवार को समागार मे संपन्न हुआ, जिसके मुख्य अतिथि डॉ. मनीष जायसवाल, विरिष्ट अतिथि प्रो.एम.एम. हम्बर्डे, महानिदेशक छ.ग. विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद्, रायपुर थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. एल. आर. वर्मा ने की।

# आई.आई.टी भिलाई में ही रहने के लिये छात्रों का आंदोलन



आई.आई.टी भिलाई में ही खुले इसके लिये छात्र संघ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। छात्र संघ ने माननीय मुख्यमंत्री श्री रमन सिंह एवं शिक्षा मंत्री श्री प्रेम प्रकाश पाण्डे जी से मुलाकात की और उन्हें भिलाई में आई.आई.टी. खुलने से छात्रों को हो रहे लाभ से अवगत कराया। भिलाई एक एजुकेशन हब माना जाता है और आई.आई.टी पहले ही रायपुर में खुल चुका है। इसलिये आई.आई.टी. भिलाई में खोलने की मांग की।

भिलाई के छात्रों को छात्र संघ के सदस्यों ने आंदोलन करने को कहा जिसमें आई.आई.टी भिलाई मे खुले इस पर जोर देते हुए भिलाई की जनता और मीडिया से गुजारिश की। छात्र संघ ने छात्रों को भविष्य में मिलने वाले अवसर, बेहतर शिक्षा और रिसर्च को बढ़ावा मिलने की बात कही।



आईआईटी के लिए
छात्रनेता करेंगे अनो

आईआईटी को भिलाई में ही स्थापित करने

# स्वीप कार्यक्रम

**04/11/2016**

मतदाता जागरूकता अभियान – स्वीप के अंतर्गत दिनांक 04.11.2016 को परिचर्चा, निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, नारा लेखन, नुक्कड़ नाटक का आयोजन विभिन्न प्रभारियों के मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपन्न हुआ जो मतदान के महत्व एवं मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने हेतु प्रोत्साहन कार्यक्रम था। इसमें प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को जिला स्तर पर अयोजित

# महाविद्यालयीन कार्यक्रम

- वृक्षारोपण :– महाविद्यालय के क्षेत्र में एवं बाहर भी स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने के लिये महत्वपूर्ण कदम उठाया। इसमें प्राचार्य एवं सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने सहयोग दिया।
- गंदगी व बिमारियों के प्रति जागरूकता।
- स्वच्छता अभियान
- युवाओं में राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सद्भाव लाना।
- रक्तदान के शिविर लगाना।
- यातायात नियंत्रण।
- स्वयंसेवकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले आपसी मतभेदों को सुलझाने के लिये सुलह केंद्र आयोजित किया जाता है।

# रक्त दान

**23/11/2016**



युवाओं ने किया रक्तदान

कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें जरूरतमंदों के लिये रक्त "ब्लड बैंक" में जमा किया गया। इसका आयोजन एन.एस.एस के स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया जिसका शुभारंभ प्राचार्य महोदय के करकमलों द्वारा किया गया था। इसमें सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं, छात्र–छात्राओं ने एक–दूसरे का उत्साहवर्धन करते हुए रक्त दान में सहयोग प्रदान किया गया। रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों को वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।



# महिला हेल्पलाइन

**28/11/2016**






हमारे महाविद्यालय में महिला हेल्पलाइन की सुविधा प्रदान की गई है जिससे छात्राऐं, शिक्षिकाऐं, सहायिकाऐं कोई भी यदि उन्हें लगता है कि उनके कार्य क्षेत्र में शारीरिक या मानसिक किसी भी तरह का शोषण हो रहा है तो वह 1091 नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इसमें महिलाऐं बिना परिचय के अपनी समस्या आसानी से बता सकती है। उनका नाम गुप्त रखा जायेगा। जिनके खिलाफ समस्या रखी जायेगी उन पर कड़ी कारवाई की जायेगी। इसके लिये एक सेमिनार महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया था जिसकी मुख्य अतिथि सुरेशा चौबे, एडिशनल एस. पी. थीं। अत: महिला हेल्पलाइन महिलाओं के सहायतार्थ उपयोगी है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना कैम्प

**07/12/2016 to 14/12/2016**




हमारे महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक समाज कल्याण और पूर्वाग्रह के बिना समाज को सेवा प्रदान करते हैं। वे यह सुनिश्चित करने के लिये काम करते हैं कि जरूरतमंद व्यक्तियों को आगे बढ़ने और गरिमामय जीवन जीने में मदद मिले। वे ग्रामीणों से यह सीखते है कि कैसे संसाधनों के अभाव में भी अच्छा जीवन व्यतीत किया जा सकता है। जरूरतमंदों को भोजन, कपड़ा और प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करके सहायता करते है। ये सब कैंप के दौरान किया जाता है।

इसके अलावा हमारे स्वयंसेवको द्वारा सामाजिक समस्याओं, शिक्षा, स्वच्छता के क्षेत्र में जागरूकता पैदा करने के लिये कई रैलियाँ निकाली गयी, नुक्कड़ नाटक किये गये आदि। स्वास्थ्य संबंधित क्षेत्रों में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर के लिये विशेष चिकित्सकों को आमंत्रित करना, मुफ्त दवाईयाँ उपलब्ध कराना एवं रक्त जाँच करवाना आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये।

## सद्भावना उत्सव





सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों के विकास हेतु अनेक उत्सव महाविद्यालयीन परिषद् द्वारा मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाते हैं

## मीडिया कवरेज

मीडिया एक संचार का माध्यम है जो एक बहुत बड़े जनसमूह तक समाचारों को पहुँचाता है और इसका प्रभाव जनसमूह पर शीघ्रतापूर्ण तथा गहरा होता है। महाविद्यालय में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल–कूद, रक्त–दान, इत्यादि गतिविधियों को लोकजन तक पहुँचाने में मीडिया का पूरा–पूरा सहयोग रहता है।

## राष्ट्रगान गौरव कार्यक्रम

छात्रसंघ सचिव मयंक गुप्ता द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि महाविद्यालय में राष्ट्रगान होना चाहिए। संकाय प्रमुख, प्राचार्य, छात्र संघ प्रभारी सभी ने विचार का स्वागत किया तथा आगामी दिवस से दोनों पालियों के प्रथम कालखण्ड के प्रारम्भ में राष्ट्रगान कराना सुनिश्चित किया जिसका व्यवहारिक पक्ष सार्थक रहा।

# वार्षिक खेलकूद

**18/01/2017 to 20/01/2017**









कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र संघ प्रभारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। छात्र संघ प्रभारी एवं क्रीड़ा अधिकारी के संयुक्त मार्गदर्शन एवं प्रयास से यह आयोजन संपन्न होता है। सत्र 2016– 17 में दिनांक 18, 19, एवं 20 जनवरी 2017 को यह आयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ा परिसर में संपन्न किया गया, जिसमें लगभग 18 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी, प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने अपने पूर्ण उत्साह एवं स्फूर्ति के साथ सहयोग प्रदान किया। छात्र 11 एवं प्राध्यापक 11 विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। छात्र 11 विजय होने पर प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहन व आशीर्वाद दिया, जो शिक्षक व छात्र परम्परा का (छात्रों के विजय होने का अपना गौरव देखना) आदर्श रहा।

# वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं स्नेह सम्मेलन

**24/01/2017**



दिनांक 24 तथा 25 जनवरी 2017 को महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह सौहार्द्र पूर्ण ढंग से महाविद्यालय की गरिमा के अनुसार आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों ( जैसे खेलकूद प्रतियोगिता, युवा उत्सव, प्रावीण्यता) में उत्कृष्ट उपलब्धि हेतु पुरस्कृत किया गया। नेट, स्लेट एवं पी–एच.डी. की उपाधि प्राप्त प्राध्यापकों को भी उनकी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।

# वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं स्नेह सम्मेलन

**25/01/2017**









विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रभारी प्राध्यापक डॉ. मणि मेखला शुक्ला के निर्देशन में की। कार्यक्रम को सभी ने सराहा एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. आर. पी. अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य, उप प्राचार्य, समस्त विभागाध्यक्ष, छात्र संघ प्रभारी समस्त प्राध्यापक, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों ने अपना सहयोग प्रदान किया। {कार्यक्रम डॉ. एन. पी. दीक्षित, कुलपति दुर्ग वि. वि. के मुख्य अतिथि एवं ए. एस. पी. मोनिका पाण्डे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।}